Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!

अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल मे किया गया वृक्षारोपण

By Shreyash Panchal May 19, 2022 1 0

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के गणित विभाग द्वारा गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊंचा गांव बल्लभगढ़ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गोद ले रखा है। इस विद्यालय में गणित विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित करवाई जाती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम इस स्कूल मे आयोजित करवाया गया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक जी ने वृक्षारोपण की उपयोगिता बताते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है। धरती पर पेड़ों और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्कूल जाकर अनेक पेड़ लगाए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूल के विद्यार्थियों को पेड़ों के लाभ बताये तथा स्कूल में लगाए वृक्षों का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम गणित विभाग की श्रीमती नेहा गोयल व श्रीमती पूनम गुप्ता द्वारा संचालित किया गया। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के. एल. कौशिक जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वह इस तरह की अन्य गतिविधियां भी समय-समय पर बच्चों के लिए आयोजित करवाते रहेंगे।